# DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## TERM-II EXAMINATION (2018-19)
## CLASS-V
## SUBJECT- LOWER HINDI

**TIME-2 Hours** **Maximum Marks-50**

**सामान्य निर्देश**

- **इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं ।**
- **खंड-क 5 अंक का, खंड-ख 5 अंक का ,खंड-ग 15 अंक का तथा खंड-घ 25 अंक का है ।**
- **प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर साफ और सुंदर अक्षरों में लिखिए ।**
- **इस प्रश्न पत्र में दिए गए पाँचों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है ।**
- **उत्तर लिखने से पहले सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए ।**

### खंड क (पठन - 5 अंक)

**1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें । (1×5=5)**

कर्ण दान करने के लिए काफ़ी प्रसिद्ध था । कर्ण जब युद्ध क्षेत्र में आखिरी साँस ले रहा था तो भगवान कृष्ण ने उसकी दानशीलता की परीक्षा लेनी चाही । वे गरीब ब्राह्मण बनकर कर्ण के पास गए और कहा कि तुम्हारे बारे में काफ़ी सुना है और तुमसे मुझे अभी कुछ उपहार चाहिए । कर्ण ने उत्तर में कहा कि आप जो भी चाहें माँग लें । ब्राह्मण ने सोना माँगा । कर्ण ने कहा कि सोना तो उसके दाँत में है और आप इसे ले सकते हैं । ब्राह्मण ने जवाब दिया कि मैं इतना कायर नहीं हूँ कि तुम्हारे दाँत तोड़ूँ । कर्ण ने तब एक पत्थर उठाया और अपने दाँत तोड़ लिए । ब्राह्मण ने इसे भी लेने से इंकार करते हुए कहा कि खून से सना हुआ यह सोना वह नहीं ले सकता । कर्ण ने इसके बाद एक बाण उठाया और आसमान की तरफ चलाया। इसके बाद बारिश होने लगी और दाँत धुल गया ।

प्रश्न क. कृष्ण कर्ण के पास क्यों गए?

ख. कर्ण ने अपना दाँत कैसे निकाला ?

ग. ब्राह्मण ने उसका दाँत क्यों नहीं लिया ?

घ. कर्ण ने अपना दाँत किस प्रकार धोया ?

ङ. प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

## खंड ख (लेखन - 5 अंक)

2. **'किसान'** अथवा **'मेरा विद्यालय'** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए । **(5)**

## खंड ग (व्याकरण - 15 अंक)

**3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए । (1×3=3)**

(क) दुकान (ख) छड़ी (ग) दवाई

**4. विकल्पों से चुनकर विलोम शब्द लिखिए । (1×3=3)**

(क) साहसी - असहाय , डरपोक , डरावना , साहस

(ख) अंदर - अँधेरा , भीतर ,बाहर , ऊपर

(ग) धनवान - धनी ,गरीब ,भिखारी ,निर्धन

**5. विकल्पों से चुनकर इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (1×3=3)**

(क) जो मेहनत करे -महंत ,महेश्वरी ,महनतना ,मेहनती

(ख) जादू का खेल दिखाने वाला - जादूगर, जादू, जादुई, यादव

(ग) जो लापरवाही करे -परवाह ,परिवहन ,लापरवाह,लोफर

**6. वर्णों को सही क्रम में लगाकर शब्द बनाइए । (1×3=3)**

(क) म गु ला (ख) ए मु रा स्क (ग) ग ति प्र

**7. समान लय वाले शब्द लिखिए । (1×3=3)**

(क) रोग (ख) मेला (ग) मलाई

## खंड घ (पाठ्यपुस्तक -25 अंक )

8. **'मेला'** अथवा **'रेल'** कविता की पहली आठ पंक्तियाँ लिखिए । **(4)**

9. **विकल्पों से चुनकर पाठ के आधार पर वाक्य पूरे कीजिए ।** **(1×4=4)**

(क) स्वामी जी ........... का प्रचार करते हुए घूम रहे थे ।

(धर्म , वेदों , सत्य ,मानवता )

(ख) मैं बीमार मम्मी को ...........सकती हूँ ।

(नहीं खिला , नहीं छोड़ , नहीं घुमा,नहीं बोल )

(ग) रोबोट .......... से चलता है ।

(बिजली, पानी, गेस, पेट्रोल)

(घ) कुतुब मीनार की ...........देखने लायक है ।

(सुंदरता ,ऊँचाई, रंग , सरलता )

10. **वाक्य बनाइए ।** **(1×2=2)**

(क) अभ्यास (ख) पुड़िया

11. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें ।** **(1×4=4)**

राजू आज फिर गहरी नींद में सो रहा था । उसने देखा कि उसे तीनों पारियाँ जगा रही हैं । वे कह रही हैं, " उठो राजू , छड़ी ले लो ।" राजू बोला, "आपने मेहनत की छड़ी तो एक महीने पहले ही दे दी थी ।" परी बोली, "राजू, तुम तो बहुत समझदार लड़के हो ।" राजू बोला, "मैं तो लापरवाह था, आपकी छड़ी ने ही मुझे समझदार बनाया ।" दूसरी परी बोली , "अब कभी मेहनत से न डरना ।" राजू बोला , "कभी नहीं ।" यह कहते ही उसकी नींद खुल गई । सुबह हो गई थी । राजू सब कामों को पूरा कर स्कूल चल दिया ।

(क) राजू कैसे सो रहा था ?

(ख) कितनी परियाँ राजू को जगा रही थीं ?

(ग) परी ने राजू से क्या कहा ?

(घ) राजू को किसने समझदार बनाया ?

**12. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (2×4=8)

(क) चीकू ने नानी के घर क्या-क्या खाया ?

(ग) लोग स्वामी जी से क्या वायदा करते थे ?

(घ) कुएँ पर रस्सी के निशान कैसे बनते हैं ?

(ङ) रोबोट कैसे काम शुरू और बंद करते हैं ?

(च) नई दिल्ली मैं पहली मेट्रो रेल सेवा कब शुरू हुई ?

(छ) यदि आपके घर का कोई सदस्य बीमार है और आपको टेलीफोन से डॉक्टर को बुलाना है तो आप उनसे क्या कहेंगे ?

**13. किसी एक मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए ।** (3)

अगर आपको जादू की छड़ी मिल जाए तो आप उससे लोगों की क्या सेवा कर सकते हैं ?

(अथवा)

'अभ्यास' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

**************